यलो स्पाट क्षेत्र मे शौच एवं पेशाब करते पाये जाने वालो पर निगम करेगी कार्यवाही

भिलाईनगर। पूरे भारत देश में स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने आने वाली है। उनके द्वारा स्वच्छता रैकिंग का मानिटरिंग कर बेस्ट स्वच्छता राज्य का अवार्ड दिया जायेगा। जिसको ध्यान में रखते हुए नगर निगम भिलाई के पांचो जोन क्षेत्र में प्रतिदिन साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के साथ-साथ मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्रों में सुबह जाकर साफ-सफाई को व्यवस्थित करने का कार्य कर रही है। जिससे भिलाई शहर को नम्बर 1 स्वच्छ शहर का अवार्ड मिल सके। आयुक्त पाण्डेय के निर्देश पर सभी अधिकारी फिल्ड में जाकर सौंपे गये दायित्वो का निर्वहन कर रहे है। जिसमें सड़क, रोड़, तालाब, उद्यान, शौचालय एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण इत्यादि कार्य शामिल है। साथ ही दिवालो पर वाल पेटिंग के माध्यम से शहर को स्वच्छ रखने नागरिको में जागरूकता लाया जा रहा है। दिवालो पर अलग-अलग प्रोत्साहित नारे भी लिखवाया गया है, जिससे नागरिक वहां कचरा न फेकें। नागरिक कही भी इधर-उधर खुले में कचरा फेंक देते है। उनको समझाइस दी जा रही है, कि गीला एवं सूखा कचरा सफाई कर्मचारी को डब्बे में डालकर दे। आयुक्त के निर्देश पर रेड एवं यलो स्पाट को मार्किंग कराया जा रहा है एवं उसमें सूचना भी लिखा जा रहा है कि यलो स्पाट पर शौच एवं पेशाब करते पाये जाने वालो पर नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही भी की जावेगी।